# डॉ० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा
(पूर्ववर्तीः आगरा विश्वविद्यालय, आगरा)

पत्रांक : सम्ब0/937/2026 दिनांक : 11 /02/2026

सेवा में,

प्रबन्धक/सचिव, प्रबन्ध समिति,
तथा प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय,
डा० भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय, आगरा।

**विषयः– शासन द्वारा संशोधित समय–सारिणी के अनुसार सत्र 2026–27 हेतु अनापत्ति (NOC) एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 18 फरवरी, 2026 निर्धारित किये जाने के सम्बन्ध में।**

**महोदय/महोदया,**

उपरोक्त विषयक अवगत कराना है कि शासन द्वारा पत्र संख्या I/1233642/2026/70–2099/28/2025 दिनांक 10 फरवरी, 2026 के माध्यम से सत्र 2026–27 हेतु **नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों** (बी०एड० पाठ्यक्रम को छोड़कर) के संचालन हेतु अनापत्ति (NOC) एवं सम्बद्धता के लिए ऑनलाइन आवेदन की समय–सारिणी में संशोधन किया गया है।

**शासन द्वारा अनापत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन की अन्तिम तिथि दिनांक 18 फरवरी, 2026 निर्धारित की गयी है।**

अतः समस्त सम्बन्धित महाविद्यालयों को पुनः निर्देशित किया जाता है कि वे शासन द्वारा निर्धारित संशोधित समय–सीमा के अन्तर्गत अनिवार्यतः ऑनलाइन (http://henoc.upsdc.gov.in) आवेदन करना सुनिश्चित करें। निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त अथवा अपूर्ण आवेदन पर किसी प्रकार की कार्यवाही सम्भव नहीं होगी तथा विलम्ब के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

**भवदीय,**

**कुलसचिव**

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितकृ

1. प्रभारी कुलपति–सचिवालय, माननीय कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रभारी वेबसाइट, सूचना को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।
3. अधिकृत एजेंसी, सूचना को समस्त महाविद्यालयों की लॉगिन पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
4. गार्ड फाइल।

**कुलसचिव**

Affisvlett

**संख्या-I/1233642/2026/70-2099/28/2025**

प्रेषक,

राम जन्म चौहान,
उपसचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
समस्त राज्य विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

10/02/2026

उच्च शिक्षा अनुभाग-2 लखनऊः दिनांकः

**विषयः** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी०एड० (बी०एड० पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय सारिणी।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक कृपया शासनादेश संख्या-1355/70-2099/28/2025 पार्ट-2 दिनांक 06.11.2025 एवं शासनादेश सं0-आई/1227344/2026/70-2099/28/2025 दिनांक 04.02.2026 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

**2-** अत: इस संबंध में सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शैक्षिक सत्र 2026-27 हेतु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी०एड० पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों को प्रारम्भ करने के लिए उक्त शासनादेश दिनांक 04.02.2026 में संशोधन करते हुए निम्नवत समय-सारिणी निर्धारित की जाती है :-

| क्र0 | कार्यवाही | समय-सीमा |
|---|---|---|
| 1. | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यकमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 18 फरवरी, 2026 तक। |

| | | |
|---|---|---|
| 2. | विश्वविद्यालय में ऑनलाइन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि संबंधी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना। | दिनांक 22 फरवरी, 2026 तक। |
| 3. | अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत किया जाना। | दिनांक 28 फरवरी, 2026 तक। |
| 4. | ऑनलाइन अनापत्ति के संबंध में विश्ववविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 06 मार्च, 2026 तक। |
| 5. | शासन में अपील निस्तारित करने की अंतिम तिथि। | दिनांक 16 मार्च, 2026 तक। |
| 6. | निरीक्षण मण्डल का गठन। | दिनांक 25 मार्च, 2026 तक।<br>(1)अनापत्ति आदेश ऑनलाइन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 22 मार्च तक निरीक्षण मण्डल का गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा।<br>(2)तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 25 मार्च तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा। |
| 7. | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | दिनांक 10 अप्रैल, 2026 तक। |
| 8. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाइन प्रदान करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 24 अप्रैल, 2026 तक। |
| 9. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के संबंध | दिनांक 10 मई, 2026 तक। |

| | | |
|---|---|---|
| | में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | |
| 10. | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 31 मई, 2026 तक। |

3- शासनादेश दिनांक 06.11.2025 के माध्यम से निर्गत शेष दिशा-निर्देश यथावत रहेंगे।

भवदीय,

Digitally signed by RAM JANAM CHAUHAN
Date: 10-02-2026
15:32:35

(राम जन्म चौहान)
उपसचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव:-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1. अपर मुख्य सचिव, श्री कुलाधिपति, उ०प्र०।
2. समस्त कुलपति, राज्य विश्वविद्यालय, उ०प्र०।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ०प्र०।
4. निदेशक, सूचना विभाग, उ०प्र० लखनऊ।
5. वरिष्ठ तकनीकी निदेशक, एन.आई.सी., योजना भवन, लखनऊ को इस आशय से कि कृपया उक्त समय-सारिणी के अनुसार तत्काल पोर्टल पर अग्रतर कार्यवाही करने का कष्ट कष्ट करें।
6. अपर सचिव उच्च शिक्षा परिषद, इंदिरा भवन, लखनऊ को वेबसाइट पर प्रदर्शन हेतु।
7. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, मा० मुख्यमंत्री/निजी सचिव, मा० मंत्री जी।
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(राम जन्म चौहान)

उपसचिव।